#patrikapropex प्रोपेक्स 4.0 का समापन, अतिथियों ने किया अगले प्रॉपर्टी एक्सपो का पोस्टर लॉन्च

# अंतिम दिन उमड़ा जन सैलाब, पांचवा संस्करण भी जल्द

राजस्थान पत्रिका PATRIKA PropEX 2023

## सपना हुआ सच, मिला मनपसन्द घर खरीदने का मौका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर** . राजस्थान पत्रिका के प्रॉपर्टी एक्सपो प्रोपेक्स 4.0 में रविवार को जन सैलाब उमड़ा। न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे से रात आठ बजे तक बड़ी संख्या में लोग घर की तलाश में एक्सपो में पहुंचे। ग्राहकों की मांग को देखते हुए और क्रेडाई के अनुरोध पर प्रॉपर्टी एक्सपो के पांचवे संस्करण का पोस्टर लॉन्च भी अतिथियों ने किया।

इससे पहले खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियवास, राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अध्यक्ष अमीन कागजी, राजस्थान बीज निगम के चेयरमैन धीरज गुर्जर, राजस्थान आवासन मंडल की सचिव अल्पा चौधरी और क्रेडाई के वाइस चेयरमैन धीरेंद्र मदान ने दीप प्रज्ज्वलित किया।

प्रॉपर्टी एक्सपो प्रोपेक्स 4.0 में क्या रहा खास... देखें वीडियो



प्रॉपर्टी एक्सपो में प्रोपेक्स के पांचवे संस्करण का पोस्टर लॉन्च करते अतिथि।

### लोगों को अपने बजट में मिले अच्छे घर

इस एक्सपो में रियल एस्टेट के सभी बड़े नाम शामिल हुए हैं। इनके एक जगह आने से ग्राहकों को फायदा हुआ है। सोच विचार करने के बाद आसानी से घर खरीद सकते हैं।
**-प्रताप सिंह खाचरियावास,** मंत्री

जयपुर के विकास में बिल्डर्स और डवलपर्स का योगदान सराहनीय है। कोरोना के बाद सरकार ने भी रियल एस्टेट को बढ़ावा देने के लिए रियायतें दीं। उसका फायदा आम लोगों को भी मिला।
**-अमीन कागजी,** अध्यक्ष, राज. स्टेट हज कमेटी

इस एक्सपो में लोगों ने अपने बजट के हिसाब से घर खरीदा है। मुझे उम्मीद है आने वाले प्रोपेक्स के आने वाले संस्करण में भी लोगों को मनपसंद घर खरीदने का मौका मिलेगा।
**-धीरज गुर्जर,** अध्यक्ष राज. राज्य बीज निगम

कोरोना के बाद परकोटे में रहने वाले लोग बाहर मकान खरीदना चाहते हैं। पत्रिका ने सही जगह प्रोपेक्स आयोजित किया है। ग्राहकों की जरूरत के हिसाब से यहां कई विकल्प हैं।
**-धीरेंद्र मदान,** वाइस चेयरमैन, क्रेडाई

शहर के बाहरी इलाकों से लेकर पॉश इलाकों में भी प्रोजेक्ट में ग्राहकों ने रुचि दिखाई है। अभी जिन लोगों ने प्रॉपर्टी देखी हैं, वे फेस्टिव सीजन में कई लोग गृह प्रवेश करेंगे।
**-मनोज पारवानी,** एमडी, पारवानी बिल्डकॉन

इस एक्सपो में ग्राहकों को बेहतरीन ऑप्शन्स के साथ अच्छी डील्स भी मिली हैं। अभी मार्केट बहुत ही पॉजिटिव है। अपना मनचाहा आशियाना लेने के लिए बिल्कुल सही समय है।
**-निशांत अग्रवाल,** निदेशक बृज हरि ग्रुप

**ग्राहकों में दिखा उत्साह**

- रविवार को ग्राहक परिवार के साथ अपने पसंदीदा घर को देखने पहुंचे। किसी को टू बीएचके फ्लैट पसंद आया तो किसी ने 125 वर्ग गज के विला को पसंद किया।
- रिंग रोड के आस-पास आवासीय योजना में भूखंड खरीदने में भी लोगों ने रुचि दिखाई। इन ग्राहकों का कहना था कि निवेश के लिहाज से ये बेहतर विकल्प है।

राजस्थान पत्रिका के स्पीक आउट सत्र में बोले मंत्री...

# मूलभूत सुविधाओं पर सरकार का जोर, बाहरी क्षेत्र में भी हो रहे काम

PATRIKA SPEAKOUT

**जयपुर @ पत्रिका.** न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में रविवार को राजस्थान पत्रिका के स्पीक आउट सत्र में शहर में मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा हुई। सत्र में कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और विधायक अमीन कागजी से सीधे संवाद किया। मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राजधानी में सरकार ने खूब काम करवाए हैं। भीड़ भरे चौराहों को ट्रैफिक लाइट मुक्त करने का काम चल रहा है। राजधानी के बाहरी क्षेत्रों में भी सीवर लाइन, पेयजल लाइन से लेकर ड्रेनेज सिस्टम के काम हो रहे हैं। वहीं, विधायक अमीन कागजी ने कहा कि परकोटे में भी सरकार विकास कार्य करवा रही है। वहां आठ लाख से अधिक लोग रह रहे हैं।

इंडस्ट्री पॉलिसी का कम फायदा मिल रहा है। राज्य में इंडस्ट्री को स्थापित करने के लिए सोलर को रियायत देकर बढ़ावा दिया जाए।
**सुरेश अग्रवाल,** अध्यक्ष, फोर्टी

परकोटे के निकलकर शहर का विस्तार तेजी से हो रहा है। लोग रोजगार के लिए आ रहे हैं। सार्वजनिक परिवहन बढ़ाने पर सरकार जोर दे।
**-चननमल अग्रवाल,** अध्यक्ष, द राज. ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन

पिछले कुछ वर्षों में जयपुर की तस्वीर बदली है। एलिवेटेड रोड से लेकर मेट्रो भी जयपुर को मिले हैं। मेट्रो के विस्तार का काम भी शुरू करने की बात सीएम ने कही है।
**पीडी गोयल,** कार्यकारी अध्यक्ष, फोर्टी

शहर का ड्रेनेज सिस्टम सही नहीं है। जिम्मेदार महकमों ने सही से काम नहीं किया। इसी वजह से बरसात के दिनों में पानी भर जाता है।
**-महेश भामोदिया,** कार्यकारी सदस्य, श्री अग्रवाल शिक्षा समिति

इन्फ्रा के क्षेत्र में राजधानी में काफी काम हुआ है, लेकिन अभी और जरूरत है। क्योंकि शहर का विस्तार तेजी से हो रहा है। **टीटू तनवानी,** एमडी, टीटू प्रिंट्स

अभियोजन अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

# 'अनुसंधान में कमियां दिखे, तो अभियोजन अधिकारी ध्यान दिलाएं'



**जयपुर @ पत्रिका.** राज्य सरकार अपराधियों को कड़ा संदेश देने का प्रयास कर रही है, इसके लिए सजा की दर बढ़ाने के लिए अभियोजन अधिकारियों को तैयार किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने रविवार को इन अधिकारियों से कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना अभियोजन अधिकारियों का कर्तव्य है, उनको अनुसंधान में कमी दिखे तो उसके बारे में अनुसंधान अधिकारी को बताएं। इससे ही प्रभावी पैरवी संभव हो पाएगी। मिश्रा ने रविवार को यहां अभियोजन अधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन अभियोजन अधिकारियों से खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि अनुसंधान अधिकारी व अभियोजन अधिकारी एक ही कार्य से जुड़े दो पहलू हैं। अनुसंधान अधिकारी का काम है सत्यता की जांच करना और अभियोजन अधिकारी का कर्तव्य है पीड़ित को न्याय दिलाना।

अभियोजन निदेशक रवि शर्मा ने कहा कि पिछले दो साल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार के प्रकरणों में सजा की दर 12 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभियोजन विभाग की अतिरिक्त निदेशक आरती माहेश्वरी व राजस्थान पुलिस अकादमी के अतिरिक्त निदेशक प्रदीप मोहन शर्मा ने भी विभिन्न पहलुओं पर पक्ष रखा।

# नर्सेज आज निकालेंगे कैंडल मार्च, धरना 27 दिनों से जारी



**जयपुर @ पत्रिका.** राजस्थान नर्सेज संयुक्त समिति( प्रांतीय) के आह्वान पर नर्सेज की वेतन विसंगति, एएनएम नर्सिंग ट्यूटर का पदनाम परिवर्तन, संविदाकर्मियों को वित्तीय लाभ, ठेकाप्रथा पर प्रतिबंध समेत 11 सूत्री मांगों को लेकर नर्सेज का सवाई मानसिंह अस्पताल के मुख्य द्वार पर 27 दिन से धरना जारी है। जिला संयोजक अनेश सेनी ने रविवार को बताया कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संख्या पर सोमवार शाम 7 बजे धरना स्थल पर कैंडल मार्च निकाला जाएगा और 15 अगस्त को सुबह 11 बजे धरना स्थल पर ही ध्वजारोहण किया जाएगा। नर्सेज नेता गोविंद सहाय शर्मा और केके यादव ने कहा कि 16 अगस्त से 25 अगस्त तक नर्सेज सुबह 8 से 10 बजे तक गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# साहब अवकाश के दिन बात नहीं करते, 69 लोगों को राष्ट्रीय अवकाश पर भी प्रशिक्षण

**जयपुर @ पत्रिका.** ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग की सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी ने 15 अगस्त के राष्ट्रीय अवकाश के दिन भी प्रशिक्षण कार्यक्रम रख दिया है, जब सोसायटी के निदेशक संदीप चौहान से रविवार को इस बारे में बात की गई तो जवाब मिला, मैं कार्यालय समय में ही बात कर सकता हूं।

सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी की ओर से 69 राज्य-जिला संसाधन व्यक्तियों को 15 अगस्त को भी सुबह 10 से सायं साढ़े पांच बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन 69 लोगों को 31 जुलाई से 30 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए जयपुर में झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित सहकारी प्रबंध संस्थान में बुलाया गया है। यह प्रशिक्षण 29 अगस्त को पूरा होगा। इसके अंतर्गत 15 अगस्त को पंचायती राज अधिनियम, ग्राम सभा एवं जनसुनवाई के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इंडियनऑयल IndianOil
CIN – L23201MH1959GOI011388
विपणन प्रभाग राजस्थान राज्य कार्यालय
एनडीएनई (नॉन डोमेस्टिक नॉन एगजेंपटेड) एलपीजी रिटेलर की नियुक्ति हेतु सूचना

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) (विपणन प्रभाग), राजस्थान राज्य कार्यालय, राजस्थान के निम्नलिखित लोकेशनों पर वाणिज्यिक और औद्योगिक ग्राहकों के लिए पैक्ड गैर–घरेलू एलपीजी के विपणन के लिए एक्सक्लूसिव एनडीएनई एलपीजी रिटेलर नियुक्त करने का प्रस्ताव देता है।

| क्र. सं. | स्थान | जिला | राज्य | श्रेणी | संचालन का क्षेत्र | इंडेन मंडल कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र | जयपुर | राजस्थान | ओपन | जयपुर जिला एवं जयपुर ग्रामीण जिला | जयपुर |
| 2 | विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र | जयपुर | राजस्थान | ओपन | जयपुर जिला एवं जयपुर ग्रामीण जिला | |
| 3 | शाहपुरा औद्योगिक क्षेत्र | जयपुर ग्रामीण | राजस्थान | ओपन | जयपुर जिला एवं जयपुर ग्रामीण जिला | |
| 4 | सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र | जयपुर | राजस्थान | ओपन | जयपुर जिला एवं जयपुर ग्रामीण जिला | |
| 5 | कालाडेरा औद्योगिक क्षेत्र | जयपुर ग्रामीण | राजस्थान | ओपन | जयपुर जिला एवं जयपुर ग्रामीण जिला | |
| 6 | कूकस | जयपुर ग्रामीण | राजस्थान | ओपन | जयपुर जिला एवं जयपुर ग्रामीण जिला | |
| 7 | भरतपुर | भरतपुर | राजस्थान | ओपन | भरतपुर जिला | |
| 8 | सीकर | सीकर | राजस्थान | ओपन | सीकर जिला | |
| 9 | सवाईमाधोपुर | सवाईमाधोपुर | राजस्थान | ओपन | सवाई माधोपुर जिला | |
| 10 | भीलवाड़ा | भीलवाड़ा | राजस्थान | ओपन | भीलवाड़ा जिला | |
| 11 | अजमेर | अजमेर | राजस्थान | ओपन | अजमेर जिला | |
| 12 | कोटा | कोटा | राजस्थान | ओपन | कोटा जिला | |
| 13 | घिलोठ औद्योगिक क्षेत्र | कोटपूतली–बहरोड | राजस्थान | ओपन | कोटपूतली–बहरोड जिला एवं अलवर जिला | |
| 14 | नीमराणा औद्योगिक क्षेत्र | कोटपूतली–बहरोड | राजस्थान | ओपन | कोटपूतली–बहरोड जिला एवं अलवर जिला | |
| 15 | उदयपुर | उदयपुर | राजस्थान | ओपन | उदयपुर जिला | जोधपुर |
| 16 | पचपदरा | बालोतरा | राजस्थान | ओपन | बालोतरा जिला एवं बाड़मेर जिला | |
| 17 | राजसमंद | राजसमंद | राजस्थान | ओपन | राजसमंद जिला | |
| 18 | बीकानेर | बीकानेर | राजस्थान | ओपन | बीकानेर जिला | |
| 19 | पाली | पाली | राजस्थान | ओपन | पाली जिला | |
| 20 | श्रीगंगानगर | श्रीगंगानगर | राजस्थान | ओपन | श्रीगंगानगर जिला एवं अनूपगढ़ जिला | |
| 21 | जोधपुर | जोधपुर | राजस्थान | ओपन | जोधपुर जिला, जोधपुर ग्रामीण जिला एवं फलौदी जिला | |
| 22 | निम्बाहेड़ा | चित्तौडगढ़ | राजस्थान | ओपन | चित्तौड़गढ़ जिला | |
| 23 | जालोर | जालोर | राजस्थान | ओपन | जालोर जिला एवं सांचौर जिला | |
| 24 | सालासर | चूरू | राजस्थान | ओपन | चूरू जिला | |

**पात्रता तथा चयन का विवरण:** चयन के लिए पात्रता/मूल्यांकन मापदंड सहित मार्गदर्शिका का विवरण तथा आवेदन पत्र का प्रारुप आईओसीएल की वेबसाइट **www.iocl.com** पर उपलब्ध हैं और जिसे डाउनलोड किया जा सकता है या लोकेशन के नाम के सामने उल्लिखित संबंधित इंडेन मंडल कार्यालय से व्यक्तिगत तौर पर भी प्राप्त किया जा सकता है।
आवेदन के साथ बतौर आवेदन शुल्क "इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MD)" के नाम रु. 5000/– (केवल पांच हजार रुपये) का अप्रतिदेय डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा, जोकि लोकेशन के नाम के सामने उल्लिखित संबंधित इंडेन मंडल कार्यालय में देय होगा। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र आवेदन शुल्क के साथ सीलबंद लिफाफे में **14.09.2023** को शाम **5.00 बजे** या उससे पहले लोकेशन की क्रम संख्या के सामने उल्लिखित संबंधित इंडेन मंडल कार्यालय के पते पर जमा करना होगा।

**संपर्क पता:**
**1) क्र. सं.: 1 से 14 के लिए:** मंडल एलपीजी प्रमुख, जयपुर इंडेन मंडल कार्यालय, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एसपीएल 1297, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, गोनेर रोड, जयपुर – 302022, संपर्क के लिए दूरभाष: 7240224365
**2) क्र. सं.: 15 से 24 के लिए:** मंडल एलपीजी प्रमुख, जोधपुर इंडेन मंडल कार्यालय, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सैक्टर 12 चोपासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर – 342008 संपर्क सं: 0291–2718274, 0291–2716265

**सामान्य शर्तें:**
- इस तरह चुने गए गैर–घरेलू एलपीजी रिटेलर केवल पैक्ड गैर–घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का विपणन करेंगे और उन्हें घरेलू एलपीजी ग्राहक नामांकित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- चुने गए आवेदक को नियुक्ति पत्र (एलओए) जारी करने से पहले उन्हें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को रु.5 लाख (केवल पांच लाख रुपये) की ब्याज मुक्त सुरक्षा जमा राशि देनी होगी जोकि वापस मिल जाएगी
- यह सिर्फ एक व्यावसायिक प्रस्ताव है और किसी रोजगार अथवा सुनिश्चित कमाई या मुनाफे की गारंटी नहीं देता है।
- आईओसीएल इस विज्ञापन को बिना कोई कारण बताए अपने विवेकानुसार रद्द/वापस/संशोधित या अंतिम तिथि को बढ़ाने का अधिकार रखता है।

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर | G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

